भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
उपभोक्ता मामले विभाग

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1801**
**जिसका उत्तर मंगलवार, 04 अगस्त, 2026 को दिया जाएगा**

**कीमतों में वृद्धि के कारण घरेलू बजट पर दबाव**

**1801 # श्री नीरज डांगी:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि दालों, सब्ज़ियों, खाद्य तेलों और आटा जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में तीव्र वृद्धि के कारण घरेलू बजट पर गंभीर दबाव पड़ रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो विगत एक वर्ष के दौरान आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है और इस वृद्धि के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण पाने के लिए कोई कदम उठाने/उपाय करने पर विचार कर रही है, क्योंकि कीमतों में भारी वृद्धि के कारण अनेक परिवारों को अपने भोजन से आवश्यक खाद्य वस्तुओं को कम करना या हटाना पड़ रहा है?

**उत्तर**
**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**
**(श्री बी. एल. वर्मा)**

(क): उपभोक्ता मामले विभाग देश भर में स्थित 579 मूल्य निगरानी केंद्रों द्वारा प्रस्तुत 41 खाद्य वस्तुओं के दैनिक मूल्यों की निगरानी करता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025-26 में 3,765.63 लाख टन के रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और सरकार के पास पर्याप्त भंडार की उपलब्धता की वजह से, पिछले एक वर्ष में अनाज और दालों के खुदरा मूल्य काफी हद तक स्थिर रहे हैं। प्रमुख सब्जियों में, आलू की कीमतें उल्लेखनीय रूप से स्थिर हैं, जबकि टमाटर और प्याज की कीमतों में मामूली मौसमी बदलाव दिखे, लेकिन वे काफी हद तक स्थिर रहे। खाद्य तेलों के मामले में, भारत का आयात पर निर्भर होना कीमतों को वैश्विक बाजार के रुझानों के प्रति संवेदनशील बनाता है।

(ख): खाद्य वस्तुओं के मूल्य अस्थिर होते हैं क्योंकि वे उत्पादन में मौसमी बदलाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि आदि जैसे कई कारकों से प्रभावित होते हैं। उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा निगरानी की जाने वाली 41 खाद्य वस्तुओं की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमतें और पिछले वर्ष की तुलना में उनमें प्रतिशत परिवर्तन **अनुलग्नक** में दिए गए हैं।

(ग): सरकार अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) द्वारा नियमित समीक्षाओं के माध्यम से आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों और उपलब्धता तथा बाजार के रुझानों पर कड़ी नजर रखती है। समिति नियमित रूप से आवश्यक कृषि-बागवानी वस्तुओं की कीमतों के रुझान और संभावना की समीक्षा करती है एवं घरेलू उत्पादन में वृद्धि और निर्यात-आयात नीतियों में युक्तिकरण के माध्यम से उपलब्धता बढ़ाने के उपाय सुझाती है।

सरकार बदलती स्थिति की निगरानी करने और आवश्यकतानुसार, आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु उचित उपाय करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि कीमतों में अनुचित उतार-चढ़ाव को रोका जा सके।

*****

**"कीमतों में वृद्धि के कारण घरेलू बजट पर दबाव" के संबंध में दिनांक 04.08.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1801 के उत्तर के भाग (ख) में उल्लिखित अनुलग्नक**

---

## आवश्यक वस्तुओं की दैनिक औसत खुदरा कीमतें

| वस्तुए | इकाई | दैनिक औसत खुदरा कीमतें | | |
|---|---|---|---|---|
| | | के अनुसार कीमत | एक वर्ष पहले | % परिवर्तन |
| | | 28/07/2026 | 28/07/2025 | वर्ष-दर-वर्ष |
| टूटे हुए चावल (गैर-बासमती)* | 1 कि.ग्रा. | 33 | - | - |
| चावल | 1 कि.ग्रा. | 44.89 | 42.68 | 5.18 |
| गेहूँ | 1 कि.ग्रा. | 31.33 | 31.4 | -0.22 |
| आटा (गेहूँ) | 1 कि.ग्रा. | 37.14 | 36.76 | 1.03 |
| चना दाल | 1 कि.ग्रा. | 86.45 | 86.71 | -0.30 |
| तूर/अरहर दाल | 1 कि.ग्रा. | 123.09 | 119.54 | 2.97 |
| उड़द दाल | 1 कि.ग्रा. | 121.12 | 114.85 | 5.46 |
| मूंग दाल | 1 कि.ग्रा. | 111.71 | 110.69 | 0.92 |
| मसूर दाल | 1 कि.ग्रा. | 90.36 | 88.41 | 2.21 |
| मूँगफली का तेल (पैकबंद) | 1 कि.ग्रा. | 205.73 | 188.46 | 9.16 |
| सरसों तेल (पैकबंद) | 1 कि.ग्रा. | 196.44 | 183.15 | 7.26 |
| वनस्पति (पैकबंद) | 1 कि.ग्रा. | 165.51 | 156.18 | 5.97 |
| सोया तेल(पैकबंद) | 1 कि.ग्रा. | 164.19 | 147 | 11.69 |
| सूरजमुखी का तेल (पैकबंद) | 1 कि.ग्रा. | 189.42 | 160.49 | 18.03 |
| पॉम तेल (पैकबंद) | 1 कि.ग्रा. | 148.5 | 130.16 | 14.09 |
| आलू | 1 कि.ग्रा. | 22.8 | 25.65 | -11.11 |
| प्याज | 1 कि.ग्रा. | 35.07 | 27.96 | 25.43 |
| टमाटर | 1 कि.ग्रा. | 39.85 | 44.99 | -11.42 |
| चीनी | 1 कि.ग्रा. | 48.96 | 45.95 | 6.55 |
| दुध | 1 ली. | 60.89 | 59.05 | 3.12 |
| गुड़ | 1 कि.ग्रा. | 59.58 | 55.89 | 6.60 |
| चाय खुली | 1 कि.ग्रा. | 275.89 | 270.54 | 1.98 |
| नमक का पैकेट(आयोडीनयुक्त) | 1 कि.ग्रा. | 22.01 | 21.34 | 3.14 |
| बाजरा (साबुत) | 1 कि.ग्रा. | 38.22 | 37.8 | 1.11 |
| ज्वार (साबुत) | 1 कि.ग्रा. | 44.62 | 43.34 | 2.95 |
| मैदा (गेहूँ) | 1 कि.ग्रा. | 42.17 | 41.41 | 1.84 |
| रागी (साबुत) | 1 कि.ग्रा. | 55.46 | 53.32 | 4.01 |
| सूजी (साबुत) | 1 कि.ग्रा. | 47.13 | 46.24 | 1.92 |
| बेसन | 1 कि.ग्रा. | 96.21 | 96.51 | -0.31 |
| देशी घी | 1 कि.ग्रा. | 693.57 | 662.57 | 4.68 |
| मक्खन (पाश्चराइज़्ड) | 100 ग्रा. | 59.8 | 59.04 | 1.29 |
| अंडा | 1 दर्जन | 86.84 | 77.19 | 12.50 |
| बैंगन | 1 कि.ग्रा. | 43.29 | 43.03 | 0.60 |
| काली मिर्च (साबुत) | 100 ग्रा. | 88.13 | 87.21 | 1.05 |
| धनिया (साबुत) | 250 ग्रा. | 41.57 | 37.06 | 12.17 |
| जीरा (साबुत) | 100 ग्रा. | 41 | 42.1 | -2.61 |
| लाल मिर्च (साबुत) | 100 ग्रा. | 29.74 | 27.8 | 6.98 |
| हल्दी(पाउडर) | 50 ग्रा. | 16.58 | 16.18 | 2.47 |
| केला | 1 कि.ग्रा. | 50.07 | 49.61 | 0.93 |
| अदरक* | 250 ग्रा. | 37.18 | - | - |
| लहसुन* | 250 ग्रा. | 43.32 | - | - |

* टूटे हुए चावल (गैर-बासमती) की दैनिक कीमतों की निगरानी 9 जून, 2026 से शुरू हुई; अदरक और लहसुन की निगरानी 1 जनवरी, 2026 से शुरू हुई।

****